सार्वजनिक नोटिस

26 जून, 2023

विषयः ऑनलाइन उत्तराखण्ड राज्य उच्च शिक्षा प्रवेश पोर्टल (UKHEAP) 2023 के विवरण में पुनः सुधार के संबंध में।

उत्तराखण्ड राज्य उच्च शिक्षा प्रवेश पोर्टल (UKHEAP)– 2023 शैक्षणिक सत्र 2023 के लिए उत्तराखण्ड राज्य विश्वविद्यालयों (कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल, सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अल्मोड़ा और श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय बादशाहीथौल, टिहरी गढ़वाल) में सभी स्नातक स्तर के कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए प्रारम्भ किया गया है। उच्च शिक्षा विभाग उत्तराखण्ड के अंतर्गत वर्ष 2023–24 उत्तराखण्ड राज्य उच्च शिक्षा प्रवेश पोर्टल राज्य भर के अभ्यर्थियों, विशेष रूप से ग्रामीण और अन्य दूरस्थ क्षेत्रों के अभ्यर्थियों को एकिकृत मंच और समान अवसर प्रदान कर रहा है एवं विश्वविद्यालयों के साथ बेहतर संपर्क स्थापित करने में मदद करता है। यह एकिकृत पोर्टल अभ्यर्थियों को एक व्यापक आउटरीच को कवर करने और उत्तराखण्ड राज्य विश्वविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया का हिस्सा बनने में सक्षम करेगा।

सूचना बुलेटिन एवं सार्वजनिक सूचना में प्रकाशित सूचना के अनुसार प्रवेश संबंधित आवेदन पत्र–2023 के विवरण में निम्नलिखित विवरण के अनुसार अभ्यर्थियों को संशोधन करने का अवसर प्रदान करने का निर्णय लिया गया है:

परीक्षा	विशेष रूप से सुधार की अवधि	सुधार के लिए क्षेत्र
उत्तराखंड राज्य उच्च शिक्षा प्रवेश पोर्टल (UKHEAP)	20 जून से 30 जून 2023 (Up to 11:50 P.M.)	As per Annexure 1

उक्त प्रवेश पोर्टल के लिए सभी पंजीकृत अभ्यर्थियों को सुझाव दिये जाते है कि वे वेबसाइट (**https://ukadmission.samarth.ac.in**) पर जाएं और अपने विवरणों को सत्यापित करें। यदि पूर्व में पंजीकरण करते समय त्रुटिवश कोई सूचना गलत अंकित हो गयी तो अभ्यर्थी अपने संबंधित आवेदन पत्र में अपने विवरण में सुधार कर लें।

समस्त अभ्यर्थियों को 30 जून 2023 तक (रात 11:50 बजे तक) अपने आवेदन पत्र में सुधार करने की अनुमति दी जाती है। इसके उपरान्त किसी भी परिस्थिति में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा किसी भी विवरण में सुधार पर विचार नहीं किया जाएगा।

अभ्यर्थी हेल्पलाइन के लिए Contact us पेज पर भी जा सकते हैं।

सूच्य है कि यह सुविधा अभ्यर्थियों को पंजीकरण सम्बन्धी किसी भी समस्या के निदान के लिए मात्र एक बार ही प्रदान की जायेगी, इसलिए अभ्यर्थी सावधानी से सुधार करें, क्योंकि अभ्यर्थियों को सुधार का अन्य कोई अवसर नहीं दिया जाएगा। अभ्यर्थियों को नवीनतम अपडेट के लिए उच्च शिक्षा विभाग की वेबसाइट **https://he.uk.gov.in/** और **https://ukadmission.samarth.ac.in** पर भी नियमित रूप से जाना चाहिए।

प्रवेश–2023 से संबंधित और स्पष्टीकरण के लिए उम्मीदवार संबंधित विश्वविद्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

भवदीय,
(प्रो० चन्द्र दत्त सूँठा)
निदेशक, उच्च शिक्षा
उत्तराखण्ड हल्द्वानी,
नैनीताल।

UKHEAP-2023 के लिए आवेदन पत्र में सुधार		
S.No.	**Actions**	**Fields**
1	Candidates shall **NOT** be allowed to change:	i. Mobile Number
		ii. E-Mail address
2	Candidate shall be allowed to change **any one** of the fields:	i. Candidate Name or ii. Father Name or iii. Mother Name or iv. Photograph-ImageUpload or v. Signature –Image Upload vi. Other documents Upload
3	Candidates shall be allowed to change **all** the fields:	i. Class 10/ equivalent details
		ii. Class 12/ equivalent details
4	Candidate shall be allowed to change **all** the fields:	i. Date of Birth
		ii. Gender
		iii. Category
		iv. Sub-category / PwBD
5	Correction in these fields will be applicable only if any.	
6	The only one-time correction will be allowed to the candidate i.e. once the corrections are done and submitted, the form shall be frozen.	

भवदीय,

(प्रो० चन्द्र दत्त सूँठा)
निदेशक, उच्च शिक्षा
उत्तराखण्ड हल्द्वानी,
नैनीताल।